# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

## 2024–25

## कक्षा –10

## सामाजिक विज्ञान (**Social Science**) – (034)

समय : 3 घण्टे | पूर्णांक : 80

Time : 3 hours | MM : 80

निर्देश –

1–इस प्रश्न–पत्र में कुल 27 प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2–प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है।

3–प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।

4–प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड़ के उत्तर में चार विकल्प दिये गये है। सही विकल्प अपनी उत्तर –पुस्तिका में लिखियें ।

5–प्रश्न संख्या 2 से 9 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न है।

6–प्रश्न संख्या 10 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए।

7–प्रश्न संख्या 20 से 26 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 120 शब्दों में दीजिए।

8–प्रश्न संख्या 27 मानचित्र से सम्बन्धित हैं। मानचित्र को अपनी उत्तर –पुस्तिका के भीतर संलग्न कीजिए।

9–इस प्रश्न –पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है, तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए ।

1–

(क) फ्रेडरिक सारयू था – 01

(i) राजा (ii) कलाकार (iii) सेनापति (iv) खिलाड़ी

(ख) सन 1992 में ब्राजील में आयोजित पृथ्वी–सम्मेलन का हिस्सा था – 01

(i) एजेण्डा–11 (ii) एजेण्डा–92

(iii) एजेण्डा–21 (iv) एजेण्डा–31

(ग) वस्तुओं पर अंकित **ISI** मार्क दर्शाता है – 01

Downloaded from www.cclchapter.com

(i) वस्तुओं की गुणवत्ता (ii) वस्तुओं का मूल्य

(iii) वस्तुओं की मात्रा (iv) वस्तुओं की निर्माण तिथि

(घ) निम्न में कौन राष्ट्रीय दल है – 01

(i) UKD (ii) अकाली दल

(iii) समाजवादी पार्टी (iv) BJP

(ड़) ''जंगल बुक'' पुस्तक के लेखक हैं – 01

(i) कार्ल मार्क्स (ii) रूडयार्ड किपलिंग

(iii) अरस्तु (iv) नेपोलियन

(च) संघात्मक राज्यों का सही जोड़ा है– 01

(i) भारत–श्रीलंका (ii) भारत–अमेरिका

(iii) भारत–ब्रिटेन (iv) ब्रिटेन–श्रीलंका

(छ) राजस्थान के अर्द्धशुष्क और शुष्क क्षेत्रों में जल संरक्षण करने के लिए बनाये गये भूमिगत टैंक कहलाते है– 01

(i) टांका (ii) रांगा

(iii) खादीन (iv) वर्तुल तालाब

(ज) ग्राम स्तर पर आपदा प्रबंधन समिति का अध्यक्ष होता है – 01

(i) ग्राम पंचायत अधिकारी (ii) वरिष्ठ वार्ड सदस्य

(iii) ग्राम प्रधान (iv) जिलाधिकारी

2– सन् 1890 ई0 में अफ्रीका में फैली पशुओं की बीमारी को किस नाम से जाना जाता है ? 01

3– सन् 1919 ई0में लागू किये गये किस अधिनियम को काला कानून के नाम से पुकारा गया? 01

4– कृषि क्षेत्र में वर्तमान परती भूमि से क्या आशय है? 01

5– किसी एक आधारभूत उद्योग का नाम लिखिए ? 01

6–HRD में "D" का क्या आशय क्या है? 01

7–समाज में महिलाओं और पुरूषों के बीच की असमानता को किस नाम से जाना जाता है? 01

Downloaded from www.cclchapter.com

8–''NCC'' का पूरा पाम लिखिए ? 01

9– विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश कौनसा है ? 01

10– औद्योगिक क्रांति ने किस प्रकार वैश्विक समाज पर अपना प्रभाव डाला स्पष्ट कीजिएगा । 03

अथवा

सन् 1929 ई0 की विश्वव्यापी आर्थिक महामंदी को समझाते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभावों को स्पष्ट कीजिएगा।

11– यदि आपको आपदा के दौरान खोज व बचाव दल में शामिल किया जाता है तो आपकी प्राथमिकताएं क्या होनी चाहिए। 03

12–लोकतात्रिंक शासन व्यवस्था में वैध सरकार का गठन आवश्यक है। व्याख्या कीजिए। 03

13–''बहुदलीय प्रणाली लोकतंत्र की मजबूती भी है व कमजोरी भी'', स्पष्ट कीजिएगा। 03

14– रमेश किसी नियोक्ता से नियमित प्रकिया द्वारा स्थायी नियुक्ति प्राप्त कर व अनिल बिना नियमित प्रक्रिया के अस्थाई नियुक्ति प्राप्त कर अपने–अपने नियोक्ता के यहॉ कार्य करना प्रारम्भ करते है। उपर्युक्त दोनों व्यक्तियों की सेवाओं की परिस्थितियों में क्या अन्तर है ? स्पष्ट कीजिये। 03

15–सड़क निर्माण के क्षेत्र में केन्द्रीय लोक निर्माण (CPWD) विभाग व सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) के अंतर को स्पष्ट कीजिये । 03

16–खाद्य सुरक्षा क्या है ? भारतीय कृषि पर वैश्वीकरण के प्रभावों को स्पष्ट कीजिये । 03

17–मुद्रण सरस्कृति के प्रसार से आप क्या समझते हैं? इसका भारतीय महिलाओं पर क्या प्रभाव पड़ा? समझाइये। 03

18–सुरक्षित निर्माण क्या है? भू–स्खलन सम्भावित क्षेत्रों में मकानों की संरचना किस प्रकार की होनी चाहिए।

अथवा 03

सुनामी आने से पूर्व व सुनामी के दौरान क्या–क्या सुरक्षा उपाय किये जाने चाहिए? स्पष्ट कीजिये।

19–बाजार में उपभोक्ता शोषण किस–किस प्रकार से होता है? स्पष्ट कीजिये । 03

Downloaded from www.cclchapter.com

20—फ्रांसीसी क्रान्तिकारियों द्वारा ऐसे क्या—क्या कदम उठाये गये जिससे फ्रांसीसी लोगों के बीच सामूहिक पहचान का भाव पैदा हो सके ? स्पष्ट कीजिये । 04

21—गॉधी जी द्वारा सविनय अवज्ञा आंदोलन आरम्भ करने के क्या कारण थे तथा इसके क्या परिणाम रहे? समझाइये ।

अथवा

टिप्पणी लिखिए— 04

(i) गांधी जी की डाण्डी यात्रा

(ii) गांधी—इरविन समझौता

22—परम्परागत व गैर परम्परागत ऊर्जा साधनों के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महत्व को समझाइये। 04

अथवा

आरक्षित, रक्षित व अवर्गीकृत वनों के वर्गीकरण के आधार क्या हैं?

23—मोहित बैंक से ऋण लेता है व अजय एक साहूकार से ऋण लेता है। दोनों व्यक्तियों के ऋण के प्रकारों की तुलना कीजिए। 04

24—वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं? भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैश्वीकरण के सकारात्मक तथा नकारात्मक प्रभावों को सूचीबद्ध कीजिए। 04

25— 73 वें संविधान संशोधन की स्थानीय स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने में क्या भूमिका रही? विवेचना कीजिये ।

अथवा 04

संविधान में संघ सरकार व राज्य सरकार के बीच विधायी शक्तियों को किन—किन सूचियों में बॉटा गया है? इन सूचियों के सम्बन्ध में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

26—भारतीय समाज में विद्यमान कौन से तत्व लोकतंत्र की मजबूती में बाधक है? समझाइये। 04

अथवा

लोकतांत्रिक शासन पद्धति विविधता में एकता उत्पन्न करती है, स्पष्ट कीजिए?

Downloaded from www.cclchapter.com

27–

(क) भारत के राजनीतिक मानचित्र पर उन दो राज्यों को दर्शाइये जहाँ निम्नलिखित घटनाएँ हुई – 1+1=02

(i) चम्पारन सत्याग्रह (ii) चौरी–चौरा हत्याकाण्ड़

(ख) दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित बिन्दुओं को अंकित संकेतों की सहायता से दर्शाइये तथा उन स्थानों के नाम भी लिखिये–

(i) बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान । △ 01

(ii) जिस स्थान पर चिपको आंदोलन प्रारम्भ हुआ। □ 01

(iii) भारत की इलैक्ट्रॉनिक राजधानी। ⊗ 01

(iv) लौह इस्पात संयंत्र–भिलाई । ⬭ 01

**नोट– निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 27 के स्थान पर है।** 1+1=02

(क) उन राज्यों के नाम लिखिए जहाँ निम्नलिखित घटनाएं हुई –

(i) चम्पारन सत्याग्रह (ii) चौरी–चौरा हत्याकाण्ड

(ख) उन राज्यों के नाम लिखिए जहाँ निम्नलिखित स्थित है –

(i) बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान । 01

(ii) वह स्थान जहाँ चिपको आंदोलन प्रारम्भ हुआ। 01

(iii) भारत की इलैक्ट्रॉनिक राजधानी। 01

(iv) लौह इस्पात सयन्त्र–भिलाई । 01

Downloaded from www.cclchapter.com